**Series OSR/2**

कोड नं. **59/2/1**
**Code No.**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **35** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 100*

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या **1 – 10** तक **एक** अंक के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **20** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **11 – 20** तक **दो** अंकों के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **21 – 30** तक **चार** अंकों के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **31 – 35** तक **छः** अंकों के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **30** मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसके उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* *Questions number **1 – 10** are of **1** mark each. The answers to these questions should not exceed **20** words each.*

*(iii)* *Questions number **11 – 20** are of **2** marks each. The answers to these questions should not exceed **40** words each.*

*(iv)* *Questions number **21 – 30** are of **4** marks each. The answers to these questions should not exceed **100** words each.*

*(v)* *Questions number **31 – 35** are of **6** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.*

*(vi)* *Question number **30** is a map-based question. Write its answers in your answer-book.*

**1.** आसियान (ASEAN) का विस्तृत रूप लिखिए । *1*

What does ASEAN stand for ?

**2.** बांग्लादेश के संविधान की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । $2\times\frac{1}{2}=1$

Mention any two features of the Constitution of Bangladesh.

**3.** मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अभियान चलाने वाले एक अन्तर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन (एन.जी.ओ.) का नाम लिखिए । *1*

Name an international Non-Governmental Organisation (NGO) that campaigns for the protection of Human Rights.

**4.** सुरक्षा की पारम्परिक धारणा के अनुसार किसी देश की सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा कौन-सा है ? *1*

Which is the greatest danger to a country as per the traditional notion of security ?

**5.** भारतीय संघ में उनके विलय का विरोध करने वाले किन्हीं दो रजवाड़ों के नाम लिखिए । $2\times\frac{1}{2}=1$

Name any two Princely States that resisted their merger with the Indian Union.

**6.** भारत का चुनाव आयोग किस वर्ष गठित किया गया और पहला मुख्य चुनाव आयुक्त कौन था ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

In which year was the Election Commission of India set up and who was the first Chief Election Commissioner ?

**7.** 1966 में इन्दिरा गाँधी के विरुद्ध, कांग्रेस के सांसदों में से किसने प्रधान मंत्री के पद के लिए चुनाव लड़ा ? *1*

In 1966, who contested against Indira Gandhi for the post of Prime Minister from among the Congress MPs ?

**8.** जनवरी 1974 में, गुजरात के छात्रों ने किन दो प्रमुख समस्याओं के विरुद्ध आन्दोलन छेड़ा था ? $2\times\frac{1}{2}=1$

In January 1974, students of Gujarat started an agitation against which two major problems ?

**9.** 'चिपको आन्दोलन' के मुख्य उद्देश्य को उजागर कीजिए । *1*

Highlight the main objective of 'Chipko Movement'.

**10.** 1985 के पंजाब समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले कौन थे ? $2\times\frac{1}{2}=1$

Who were the signatories of the Punjab Accord of 1985 ?

**11.** द्वितीय विश्व युद्ध के बाद कौन-से दो शक्ति-गुट उभरे ? दोनों शक्ति-गुटों का साथ देने वाले किसी एक-एक देश का नाम लिखिए । *1+1=2*

Which two power-blocs emerged after the Second World War ? Name any one country each that sided the two power-blocs.

**12.** सोवियत संघ में सुधारों की प्रक्रिया शुरू करने के लिए गोर्बाचेव को बाध्य करने वाले दो कारक कौन-से थे ? $2\times1=2$

Which two factors compelled Gorbachev to initiate reforms in the USSR ?

13. आसियान के 'विजन – 2020' से क्या अभिप्राय है ? *2*

What is meant by the 'Vision – 2020' of ASEAN ?

14. "संयुक्त राष्ट्र का गठन मानवता को स्वर्ग पहुँचाने के लिए नहीं, बल्कि उसे नरक से बचाने के लिए हुआ था ।" यह कथन किसने कहा तथा वह किस पद पर आसीन था ? *1+1=2*

"The United Nations was not created to take humanity to heaven, but to save it from hell." Who made this statement and what post was he/she holding ?

15. संयुक्त राज्य अमरीका और सोवियत संघ द्वारा अस्त्र नियन्त्रण के लिए की गई किन्हीं दो सन्धियों का उल्लेख कीजिए । *2×1=2*

Mention any two arms control treaties signed by the United States of America and the Soviet Union.

16. स्वतंत्र पार्टी की विचारधारा की किन्हीं दो विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । *2×1=2*

State any two features of the ideology of the Swatantra Party.

17. प्रथम पंचवर्षीय योजना में जिन दो क्षेत्रों पर बल दिया गया उन्हें उजागर कीजिए । *2×1=2*

Highlight the two areas on which the First Five Year Plan focussed.

18. अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा को बढ़ावा देने वाले किन्हीं दो राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए । *2×1=2*

Mention any two Directive Principles of State Policy for the promotion of international peace and security.

19. दलित पैंथर्स द्वारा किन दो मुख्य मुद्दों पर ध्यान दिया गया ? *2×1=2*

Which two main issues were addressed by the Dalit Panthers ?


20. भारत में 1984 में घटित किन्हीं दो प्रमुख राजनीतिक घटनाओं का उल्लेख कीजिए । *2×1=2*

State any two major political happenings of 1984 in India.

21. प्रथम गुट-निरपेक्ष शिखर सम्मेलन कब और कहाँ हुआ ? इस शिखर सम्मेलन को प्रोत्साहित करने वाले किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए । *1+3=4*

When and where was the first Non-aligned Summit held ? Explain any three factors which promoted this summit.

**22.** नीचे दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*





(i) चीन को दर्शाने के लिए साइकिल का प्रयोग क्यों किया गया है ?

(ii) साइकिल के दो पहिए क्या दर्शाते हैं ?

(iii) चीन की अर्थव्यवस्था के बारे में कार्टून क्या संदेश देता है ?

Study the cartoon given below and answer the questions that follow :




(i) Why has the cycle been used to depict China ?

(ii) What do the two wheels of the cycle depict ?

(iii) What message does the cartoon convey about the Chinese economy ?

*नोट :* *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 22 के स्थान पर हैं ।*

***Note :*** *The following questions are for the **BLIND CANDIDATES** only, in lieu of Question No. 22.*

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1+2+1=4*

(i) 1949 में, चीन की अर्थव्यवस्था किस देश के आर्थिक मॉडल पर आधारित थी ?

(ii) 1970 के दशक में, चीनी नेतृत्व ने सं.रा. अमरीका से संबंधित कौन-सा प्रमुख नीतिगत निर्णय लिया ?

(iii) कृषि के निजीकरण ने किस प्रकार चीन की सहायता की ?

Answer the following questions :

(i) In 1949, China based its economy on the economic model of which country ?

(ii) Which major policy decision related to USA was taken by the Chinese leadership in 1970s ?

(iii) In what way did privatisation of agriculture help China ?

**23.** सैन्य शक्ति के रूप में सं.रा. अमरीका के वर्चस्व की व्याख्या कीजिए । *4*

Explain the hegemony of the US as a hard power.

**24.** भारत और चीन के बीच किन्हीं चार विवादित मुद्दों का वर्णन कीजिए । *4×1=4*

Describe any four issues of conflict between India and China.

**25.** संयुक्त राष्ट्र में सुधार के लिए सुरक्षा परिषद् के नए स्थायी एवं अस्थायी सदस्य बनाने के लिए प्रस्तावित मानदण्डों की व्याख्या कीजिए । *4×1=4*

Explain the criteria proposed for the new permanent and non-permanent members of the Security Council to reform the United Nations.

**26.** पर्यावरण में सुधार के लिए भारत द्वारा उठाए गए किन्हीं चार कदमों का वर्णन कीजिए । *4×1=4*

Describe any four steps taken by India to improve the environment.

**27.** 'हरित क्रान्ति' क्या है ? इसके किन्हीं दो प्रभावों पर प्रकाश डालिए । *2+2=4*

What is 'Green Revolution' ? Highlight any two of its effects.

**28.** भारत की परमाणु नीति की किन्हीं चार महत्त्वपूर्ण विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *4×1=4*


Explain any four important features of India's Nuclear Policy.

**29.** 1971 के आम चुनावों से पूर्व प्रधान मंत्री इन्दिरा गाँधी द्वारा गरीबी हटाने के लिए उठाए गए किन्हीं दो मुख्य कदमों का आकलन कीजिए । *2×2=4*

Assess any two major steps taken by Prime Minister Indira Gandhi before the General Elections of 1971 for alleviation of poverty.

**30.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में, चार स्थानों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ द्वारा चिह्नित किया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर, इनकी पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, सम्बन्धित क्रम संख्या तथा अक्षर सहित लिखिए : *4×1=4*

**भारत** – राजनीतिक और पड़ोसी देश





(i) स्वर्ण मन्दिर से सम्बद्ध राज्य ।

(ii) वह राज्य जहाँ दलित पैंथर्स संगठन सक्रिय था ।

(iii) इस राज्य के नाम में इसके दो क्षेत्रों का नाम आता है ।

(iv) वह राज्य जहाँ असेम्बली के लिए प्रथम लोकतांत्रिक चुनाव 1974 में हुए ।

In the given political outline map of **India**, four places have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ. Identify them on the basis of the information given below and write their correct names in your answer-book with their respective serial number and the alphabet concerned :




(i) The State associated with the Golden Temple.

(ii) The State where Dalit Panthers organisation was active.

(iii) The name of this State comprises of the names of its two regions.

(iv) The State where the first democratic elections to its Assembly were held in 1974.

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं ।*

**Note :** *The following questions are for the **BLIND CANDIDATES** only, in lieu of Question No. 30.*

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' से क्या अभिप्राय है ?

(ii) भारत के किस राज्य के लिए धारा 370 का विशेष महत्त्व है ?

(iii) बी.ए.एम.सी.ई.एफ. (B.A.M.C.E.F.) का विस्तृत रूप लिखिए ।

(iv) किस वर्ष में गोवा भारतीय संघ का एक राज्य बना ?

Answer the following questions :

(i) What is meant by 'Operation Blue Star' ?

(ii) Article 370 has a special significance for which State of India ?

(iii) What is the full form of B.A.M.C.E.F. ?

(iv) In which year did Goa become a State of the Indian Union ?

**31.** "1990 के दशक में अपनाई गई 'शॉक थैरेपी' जनता को आम उपभोग के 'आनन्द लोक' तक नहीं ले गई जिसका उसने वादा किया था ।" कोई तीन उपयुक्त तर्क देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए । *3×2=6*

**अथवा**

"शीत युद्ध से हथियारों की होड़ के साथ-साथ हथियारों के नियन्त्रण पर भी ध्यान दिया गया ।" कोई तीन उपयुक्त तर्क देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए । *3×2=6*

"The shock therapy administered in the 1990s did not lead the people into the promised utopia of mass consumption." Justify the statement with any three suitable arguments.

**OR**

"The Cold War produced an arms race as well as arms control." Justify the statement with any three suitable arguments.

**32.** वैश्विक राजनीति में पर्यावरण की चिन्ता सम्बन्धी किन्हीं तीन मुद्दों की व्याख्या कीजिए । *3×2=6*

**अथवा**

वैश्वीकरण के किन्हीं तीन आर्थिक परिणामों की व्याख्या कीजिए । *3×2=6*

Explain any three environmental concerns in global politics.

**OR**

Explain any three economic consequences of globalisation.

**33.** स्वतंत्रता से पूर्व कांग्रेस को एक सामाजिक तथा विचारधारात्मक गठबन्धन क्यों समझा जाता था ? स्पष्ट कीजिए । *6*

**अथवा**

भारत के विभाजन के किन्हीं तीन परिणामों की व्याख्या कीजिए । *3×2=6*

Why was Congress considered as a social and ideological coalition in pre-independence days ? Explain.

**OR**

Explain any three consequences of partition in India.

**34.** ऐसे किन्हीं तीन कारणों का वर्णन कीजिए जो 1975 में आपातकाल लागू करने की दिशा की ओर ले गए । *3×2=6*

**अथवा**

1969 में हुए राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव के विभिन्न पहलुओं का वर्णन कीजिए । *6*

Describe any three reasons which led to imposition of emergency in 1975.

**OR**

Describe the various aspects of Presidential election of 1969.

**35.** नीचे दिए गए अवतरण का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *6*

इस तरह 1989 के चुनावों से भारत में गठबंधन की राजनीति के एक लम्बे दौर की शुरूआत हुई । इसके बाद से केन्द्र में 9 सरकारें बनीं । ये सभी या तो गठबंधन की सरकारें थीं अथवा दूसरे दलों के समर्थन पर टिकी अल्पमत की सरकारें थीं, जो इन सरकारों में शामिल

नहीं हुए । इस नए दौर में कोई सरकार क्षेत्रीय पार्टियों की साझेदारी अथवा उनके समर्थन से ही बनाई जा सकती थी । यह बात 1989 के राष्ट्रीय मोर्चा सरकार, 1996 और 1997 की संयुक्त मोर्चा सरकार, 1997 में एन.डी.ए., 1998 और 1999 की रा.ज.ग. सरकार तथा 2004 की सं.प्र.ग. सरकार पर समान रूप से लागू होती है ।

(i) गठबन्धन की राजनीति के क्या अभिप्राय है ?

(ii) ऐसे किन्हीं दो क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के नाम लिखिए जो कभी-न-कभी किसी गठबन्धन सरकार का हिस्सा रहे हों ।

(iii) एन.डी.ए. (रा.ज.ग.) का विस्तृत रूप लिखिए ।

(iv) अल्पमत की सरकार से क्या अभिप्राय है ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

नीचे दिए गए अवतरण का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *6*

आंदोलन का मतलब सिर्फ़ धरना-प्रदर्शन या सामूहिक कार्रवाई नहीं होता । इसके अंतर्गत किसी समस्या से पीड़ित लोगों का धीरे-धीरे एकजुट होना और समान अपेक्षाओं के साथ एक-सी माँग उठाना ज़रूरी है । इसके अतिरिक्त, आंदोलन का एक काम लोगों को अपने अधिकारों को लेकर जागरूक बनाना भी है ताकि लोग यह समझें कि लोकतंत्र की संस्थाओं से वे क्या-क्या उम्मीद कर सकते हैं । भारत के सामाजिक आंदोलन बहुत दिनों से जनता को जागरूक बनाने के इस काम में संलग्न हैं । ऐसे में इन आंदोलनों ने लोकतंत्र को बाधा नहीं पहुँचाई बल्कि उसका विस्तार किया है ।

(i) लोकतंत्र में जन आन्दोलनों का क्या महत्त्व है ?

(ii) जन आन्दोलन किस प्रकार सरकार की सहायता करते हैं ?

(iii) किस संगठन ने लोगों की सूचना के अधिकार के लिए एक राष्ट्रीय परिषद् का गठन किया था ?

(iv) किसी आन्दोलन में लोगों को एकजुट करने वाले कारक कौन-से हैं ?

Study the passage given below and answer the questions that follow :

Thus, with the elections of 1989, a long phase of coalition politics began in India. Since then, there have been nine governments at the Centre, all of which have either been coalition governments or minority governments supported by other parties, which did not join the government. In this new phase, any government could be formed only with the participation or support of many regional parties. This applied to the National Front in 1989, the United Front in 1996 and 1997, the NDA in 1997, BJP-led coalition in 1998, NDA in 1999 and the UPA in 2004.

(i) What is meant by coalition politics ?

(ii) Name any two regional political parties which were a part of coalition government at one stage or the other.

(iii) Write the full form of NDA.

(iv) What does a minority government mean ? Explain.

**OR**

Study the passage given below and answer the questions that follow :

Movements are not only about collective assertions or only about rallies and protests. They involve a gradual process of coming together of people with similar problems, similar demands and similar expectations. But then movements are also about making people aware of their rights and the expectations that they can have from democratic institutions. Social movements in India have been involved in these educative tasks for a long time and have thus contributed to expansion of democracy rather than causing disruptions.

(i) What is the importance of popular movements in democracy ?

(ii) How do the popular movements help the government ?

(iii) Which organisation formed the National Council for People's Right to Information ?

(iv) What factors make the people come together in a particular movement ?